Think IAS...

दृष्टि The Vision

Think Drishti

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC)

# एम.पी.पी.सी.एस.

# सीसैट

## (प्रैक्टिस पेपर्स)

दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: MPC08

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC)

## सीसैट

# प्रैक्टिस पेपर्स

641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web:** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

MPPCS DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-1 | 5– 19 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-2 | 20 – 36 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-3 | 37 – 55 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-4 | 56 – 73 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-5 | 74 – 93 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-6 | 94 – 110 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-7 | 111 – 130 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-8 | 131 – 147 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-9 | 148 – 167 |
| ☞ प्रैक्टिस पेपर-10 | 168 – 188 |

# MPPCS
# प्रैक्टिस पेपर 1

**1.** निम्नलिखित बॉक्सों के अनुक्रम में $x$ तथा $y$ का मान होगा–

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | | 3 | 9 | | 4 | 16 | | $x$ | y |

(a) $x = 9, y = 3$ (b) $x = 5, y = 16$
(c) $x = 5, y = 8$ (d) $x = 5, y = 25$

**2.** निम्नलिखित में से सही संख्या चुनिये–
C : 27 :: F : ?
(a) 64 (b) 216
(c) 125 (d) 169

**3.** 'निर्यात : आयात' के संबंध को निम्नलिखित में से किसमें सबसे अच्छे तरीके से समझाया गया है?
(a) आसान : सरल (b) गमन : प्रस्थान
(c) आर्थिक : उन्नति (d) सफल : विफल

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा भिन्न (अलग) है?
(a) मई (b) अगस्त
(c) नवंबर (d) अक्तूबर


**5.** नीचे दी गई तालिका के अंकों में एक निश्चित संबंध पर विचार कीजिये।

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 26 | 17 |
| 7 | 62 | **A** |
| 4 | 39 | 23 |
| 6 | 58 | 22 |

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 'A' के स्थान पर आएगी?
(a) 69 (b) 13
(c) 17 (d) इनमें से कोई नही

**6.** यदि किसी वर्ष में 25 मार्च को रविवार का दिन है तो उसी वर्ष में 17 नवंबर को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?
(a) शनिवार (b) सोमवार
(c) गुरुवार (d) मंगलवार

**7.** दिये गए वर्ग में कुल कितने समचतुर्भुज हैं?



(a) 4 (b) 6
(c) 5 (d) 9

***निर्देश (प्र.सं. 8–9):*** *उस विकल्प को चुनिये, जो अन्य तीनों विकल्पों से भिन्न हो–*

**8.** (a) पेट्रोल- कार (b) स्याही- पेन
(c) विद्युत- कूलर (d) रोशनी- बल्ब

**9.** (a) सोना- जागना (b) अपराधी- आरोप
(c) नगद- उधार (d) लड़का- लड़की

**10.** विनय की माँ की बहन के पुत्र की बहन, विनय की बहन की क्या होगी?
(a) मौसी (b) बहन
(c) मौसेरी बहन (d) बुआ

***निर्देश (प्र.सं. 11–15):*** *निम्नलिखित सूचनाओं को ध्यान पूर्वक पढ़िये तथा उन पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिये।*

A, B, C, D और E पाँच व्यक्ति हैं। जिनमें एक अध्यापक, एक वकील और एक डॉक्टर है। A और D अविवाहित महिलाएँ है तथा कोई कार्य नहीं करतीं। कोई भी महिला न तो वकील है और न ही अध्यापक है। इनमें से एक विवाहित जोड़ा है, जिसमें E पति है, B, C का भाई है और वह न तो वकील है और न ही डॉक्टर है–

**11.** इनमें से डॉक्टर कौन है?
(a) A (b) B (c) C (d) D

**12.** इनमें से पुरुष कौन है?
(a) A (b) B (c) C (d) D

**13.** इनमें से कौन-सा विवाहित जोड़ा है?
(a) CE (b) AC (c) BE (d) EA

**14.** इनमें से कौन-सा समूह सिर्फ महिलाओं का है?
(a) ABC (b) CDE (c) ACE (d) ACD

**15.** इनमें से कौन अध्यापक है?
(a) B (b) C (c) D (d) E

***निर्देश (प्र.सं. 16–25):*** *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आपको दिये गए कथन पर विचार करके तय करना है कि कौन-सी/सा पूर्वधारणा/तर्क कथन में अंतर्निहित है। निम्नलिखित विकल्पों मे से एक सही उत्तर चुनिये।*

**16.** एक कंपनी द्वारा दीपावली के त्योहार पर अपने सभी कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा की गई है।

**पूर्वधारणा–**

**I.** सभी कर्मचारियों के पास धन की विशेष कमी है।
**II.** कंपनी सभी कर्मचारियों के कार्य निष्पादन से संतुष्ट है।

(a) केवल पूर्वधारणा I सही है।
(b) केवल पूर्वधारणा II सही है।
(c) दोनों पूर्वधारणाएँ सही हैं।
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II सही है।

**99.** मनुष्य जीवन भर अपने भय से किस प्रकार लड़ता रहता है?

(a) जीवन भर संपत्ति अर्जित करके किसी भी प्रकार के भय से मुक्त होना चाहता है।

(b) संपत्ति हो जाने पर उसकी सुरक्षा के भय से चिंतित रहता है।

(c) दु:ख वापस आ जाने के भय से सुखी बने रहने के रास्ते ढूँढता रहता है।

(d) उपर्युक्त सभी।

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा परिच्छेद को सबसे अधिक समर्थन देता है?

(a) सांसारिक जीवन जीने का प्रयत्न करना चाहिये।

(b) जीवन भर धन वैभव के लिए कार्य करते रहना बुरे मनुष्य का कार्य है।

(c) समय बहुत बलवान है। कल मनुष्य ने जो चीज बनाई थी आज उसी ने मनुष्य को अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

(d) उपर्युक्त सभी।

## उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (c) | 5. (b) |
| 6. (a) | 7. (b) | 8. (d) | 9. (b) | 10. (c) |
| 11. (c) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (d) | 15. (a) |
| 16. (b) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (a) | 20. (a) |
| 21. (c) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (b) | 25. (a) |
| 26. (d) | 27. (d) | 28. (b) | 29. (a) | 30. (c) |
| 31. (c) | 32. (a) | 33. (b) | 34. (c) | 35. (b) |
| 36. (b) | 37. (a) | 38. (c) | 39. (b) | 40. (c) |
| 41. (d) | 42. (b) | 43. (c) | 44. (d) | 45. (b) |
| 46. (b) | 47. (a) | 48. (c) | 49. (a) | 50. (c) |
| 51. (b) | 52. (c) | 53. (a) | 54. (c) | 55. (a) |
| 56. (d) | 57. (c) | 58. (c) | 59. (b) | 60. (d) |
| 61. (c) | 62. (c) | 63. (c) | 64. (b) | 65. (a) |
| 66. (d) | 67. (b) | 68. (b) | 69. (c) | 70. (a) |
| 71. (d) | 72. (a) | 73. (d) | 74. (b) | 75. (a) |
| 76. (c) | 77. (d) | 78. (c) | 79. (b) | 80. (c) |
| 81. (c) | 82. (a) | 83. (c) | 84. (d) | 85. (b) |
| 86. (c) | 87. (b) | 88. (a) | 89. (c) | 90. (d) |
| 91. (b) | 92. (b) | 93. (a) | 94. (d) | 95. (d) |
| 96. (c) | 97. (a) | 98. (b) | 99. (d) | 100. (c) |

## व्याख्या

**1.** दिये गए अनुक्रम में प्रत्येक बॉक्स के प्रथम खाने में संख्याएँ 2 से शुरू होकर क्रमश: बढ़ रही हैं, जबकि बॉक्स के दूसरे खाने में पहले खाने की संख्या का वर्ग किया गया है। इस प्रकार $x$ की जगह खाने में 5 तथा $y$ की जगह खाने में 5 का वर्ग 25 आएगा। अत: सही उत्तर (d) होगा।

**2.** जिस प्रकार $C = 3, 3^3 = 27$

उसी प्रकार $F = 6, 6^3 = 216$

अत: प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर संख्या '216' होगी।

**3.** जिस प्रकार निर्यात और आयात, दोनों एक-दूसरे के विपरीत शब्द हैं। उसी प्रकार सफल और विफल परस्पर विपरीत शब्द हैं। अत: सही उत्तर विकल्प (d) है।

**4.** मई, अगस्त तथा अक्तूबर माह में दिनों की संख्या 31 होती है, जबकि नवंबर माह में दिनों की संख्या 30 होती है। अत: विकल्प (c) भिन्न है।

**5.** जिस प्रकार $(3)^2 = 9, 26 - 9 = 17$

$(4)^2 = 16, 39 - 16 = 23$

$(6)^2 = 36, 58 - 36 = 22$

उसी प्रकार $(7)^2 = 49, 62 - 49 = 13$

अत: 'A' के स्थान पर लुप्त संख्या '13' आएगी।

**6.** मार्च में विषम दिन = 6

अप्रैल से अक्तूबर तक विषम दिन


$= 2 + 3 + 2 + 3 + 3 + 2 + 3$

नवंबर में विषम दिन = 3

कुल विषम दिन $= 6 + 18 + 3 = 27$

अत: 17 नवंबर को दिन = रविवार + 6 = शनिवार

**7.** दिये गए चित्र में कुल समचतुर्भुज




दिये गए चित्र में निम्नांकित आकृति समचतुर्भुज के रूप में है- JEKI, JHMI, MGLI, ILFK, HEFG तथा ABCD इस प्रकार कुल समचतुर्भुजों की संख्या 6 होगी।

MPPCS

# प्रैक्टिस पेपर 2

**1.** 'महाभोज' उपन्यास किसकी रचना है?
(a) डॉ. राजेंद्र (b) मन्नू भंडारी
(c) फणीश्वर नाथ रेणु (d) मोहन राकेश

**2.** दिये गए विकल्पों में से 'जिज्ञासु' किसके लिये एक शब्द है?
(a) जीने की इच्छा रखने वाला
(b) जाने की इच्छा रखने वाला
(c) जानने की इच्छा रखने वाला
(d) जीतने की इच्छा रखने वाला

**3.** निम्नलिखित मे गलत 'विलोम शब्दयुग्म' कौन-सा है?
(a) अस्त-व्यस्त (b) अंतरंग-बहिरंग
(c) अपेक्षा-उपेक्षा (d) अथ-इति

**4.** 'आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास' लोकोक्ति का सही अर्थ है-
(a) कपास की खेती करना।
(b) वैवाहिक जीवन को अपना लेना।
(c) भजन-भक्ति छोड़ चोरी करने लगना।
(d) वांछित कार्य को छोड़कर अन्य कार्य में लग जाना।

**5.** निम्नलिखित संधि-विच्छेदों में से किसमें गुण संधि नहीं है?
(a) पर + उपकार (b) इति + आदि
(c) नि: + दोष (d) नर + उत्तम

**6.** 'पेट की आग' के लिये एक शब्द है-
(a) दावाग्नि (b) बड़वाग्नि
(c) तृषाग्नि (d) जठराग्नि

**7.** 'तुम', 'तू', 'तुम्हारा' में कौन-सा सर्वनाम है?
(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम (b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) संबंधवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

**8.** निम्नांकित में से कौन-सा 'विदेशज' है?
(a) आग (b) पगड़ी
(c) औरत (d) खेत

**9.** मोहन ने अपने खेत में आम के पौधों की रोपाई कराई। उसने प्रत्येक पंक्ति में पौधों की संख्या उतनी ही रखी, जितनी कि पंक्तियों की संख्या थी। पानी की कमी के कारण 141 पौधे सूख जाने के बाद खेत में पौधों की संख्या 7084 रह जाती है। मोहन ने खेत में कितनी पंक्तियों में पौधे लगाए थे?
(a) 115 (b) 85
(c) 95 (d) 105

**10.** यदि दो संख्याओं का गुणनफल 320 है तथा उनका अनुपात 1 : 5 है, तब उनके वर्ग का अंतर क्या होगा?
(a) 1096 (b) 931
(c) 729 (d) 1536

**11.** यदि? का 37.5 प्रतिशत = 712.5 तब प्रश्नवाचक चिह्न (?) किस संख्या को इंगित करता है?
(a) 1750
(b) 1900
(c) 1931
(d) 2025

**12.** कौन-सी लघुत्तम संख्या 34755 से योग करने पर उसे 17 से विभाज्य बना देगी?
(a) 10 (b) 13
(c) 17 (d) 16

**13.** पटना शहर की जनसंख्या में पहले, दूसरे एवं तीसरे वर्ष क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत एवं 25 प्रतिशत की वृद्धि होती है। तीन वर्षों में पटना शहर की औसत जनसंख्या वृद्धि क्या है?
(a) 18 प्रतिशत
(b) 20 प्रतिशत
(c) 21.6 प्रतिशत
(d) 22.5 प्रतिशत

**14.** दो अंकीय किसी संख्या को इस प्रकार बदल कर लिखा जाता है कि दहाई का अंक दोगुना तथा इकाई का अंक आधा कर दिया जाता है तब प्राप्त नई संख्या तथा मूल संख्या के अंकों को पलटने पर प्राप्त संख्या एक समान है। इस प्रकार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) इकाई का अंक दहाई के अंक के बराबर है।
(b) दहाई का अंक इकाई के अंक का आधा है।
(c) दहाई का अंक इकाई के अंक का दोगुना है।
(d) इनमें से कोई नहीं

**15.** यदि $a+\frac{1}{a}=-1$ तब $(1-a+a^2)(1+a-a^2)=?$
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**16.** यदि $(a-b)=3$ और $a^2+b^2=25$ हो तो $ab$ का मान बताइये।
(a) 10 (b) 8
(c) 16 (d) 18

# MPPCS प्रैक्टिस पेपर 3

**1.** आप बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। आपके संज्ञान में आता है कि कुछ स्कूलों के अध्यापक काफी दिनों तक पढ़ाने के लिये नहीं आते तथा कुछ अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को पढ़ाने के लिये भेज देते हैं, क्योंकि वह अन्य कार्य जैसे कि व्यवसाय इत्यादि करते हैं। आप इस स्थिति में क्या करेंगे?

(a) पढ़ाने आने वाले अन्य व्यक्तियों को ही शिक्षक नियुक्त कर देंगे।

(b) कुछ नहीं करेंगे, क्योंकि शिक्षण कार्य चल रहा है।

(c) अपने वरिष्ठतम अधिकारियों को मामले से अवगत कराएंगे तथा आदेश की प्रतीक्षा करेंगे।

(d) मामले की जाँच करेंगे तत्पश्चात् कोई कार्यवाही करेंगे।

**2.** आप एक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं तथा एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिये आपको बुलाया जाता है। बैठक समाप्त होने के बाद आपके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एक पार्टी का आयोजन किया जाता है, जिसमें शराब भी शामिल है। आपने इससे पहले कभी शराब का सेवन नहीं किया है, किंतु आपके एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आपको एक शराब का गिलास भरकर दिया जाता है। आप क्या करेंगे?

(a) शराब पी लेंगे, क्योंकि यह आपके वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा दी गई है।

(b) नाराज़गी दिखाते हुए अस्वीकार कर देंगे।

(c) गिलास ले लेंगे तथा पिएंगे नहीं।

(d) विनम्रतापूर्वक मना कर देंगे, क्योंकि आप शराब पीना पसंद नहीं करते।

**3.** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक उत्पादन कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक का फोन आता है कि हमारे श्रमिक संघ और श्रमिकों ने उत्पादन कार्य को रोक दिया है और अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिये वे प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि स्थिति को काबू में नहीं किया गया तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है और इसकी वजह से जान-माल की हानि हो सकती है। अब आपके अनुसार पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिये।

(a) मामले की जाँच पड़ताल करने के लिये एक पुलिस बल भेजना।

(b) शीघ्र ही पुलिस बल को वहाँ से प्रदर्शनकारियों को हटाने का आदेश देंगे।

(c) पुलिस बल को भेजना, लेकिन उस वरिष्ठ प्रबंधक और श्रमिक संघ के कुछ नेताओं के संपर्क में बने रहने का प्रयास करना।

(d) कुछ न करना, क्योंकि यह कोई ऐसा मामला नहीं है, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को बहुत बड़ा नुकसान होगा।

**4.** राजीव भारतीय पुलिस सेवा का नव-नियुक्त अधिकारी है। वह एक ऐसे जिले में पदस्थापित है, जहाँ उसके अधिकांश अधीनस्थ एक स्थानीय भाषा बोलते हैं और स्थानीय लोग भी अपनी क्षेत्रीय भाषा में ही बात करते हैं। इस बात से राजीव प्रायः इस स्थिति को लेकर किंकर्तव्यविमुढ़ हो जाता है तथा क्षेत्रीय भाषा से परिचित होने संबंधी अपनी असमर्थता के कारण उसके लिये अपनी दैनिक दिनचर्या का निर्वाह करना भी मुश्किल हो जाता है। अब इस स्थिति में राजीव के लिये सर्वाधिक उचित कार्यवाही क्या होगी?

(a) उसे कुछ महीने का ब्रेक लेना चाहिये और उस भाषा को सीखना चाहिये तथा वापस अपना पदभार ग्रहण कर लेना चाहिये।

(b) उसे ऐसी जगह पर अपना स्थानांतरण करवा लेना चाहिये, जहाँ वह सहजता से बातचीत कर सकें।

(c) उसे अपने वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध करना चाहिये कि वे उसे ऐसे अधीनस्थ उपलब्ध कराये, जो उसके साथ उसी की भाषा में बातचीत कर सकें।

(d) उसे तात्कालिक रूप से स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा पर काम करना शुरू कर देना चाहिये और भाषा को जानने के लिये अधीनस्थों की मदद लेनी चाहिये।

**5.** विनय पासपोर्ट कार्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत है। विनय के पास एक वरिष्ठ नागरिक अपना पासपोर्ट बनवाने हेतु अपने कागजात पूरा कराने आता है, किंतु जब विनय वरिष्ठ नागरिक के कागजात की जाँच कर रहा होता है तो वरिष्ठ नागरिक अचानक अधीर हो जाता है तथा विनय पर चिल्लाते हुए कहता है कि आप बहुत धीरे-धीरे कार्य कर रहे हैं। तब विनय को प्रतिक्रिया के रूप में क्या कहना चाहिये?

MPPCS
# प्रैक्टिस पेपर 4

**1.** पत्र, नोटिस, बुलेटिन, तार, टेलेक्स, नियम, हस्तपुस्तिका आदि उदाहरण हैं:
(a) निहित लिखित संचार के
(b) त्वरित मौखिक संचार के
(c) त्वरित लिखित संचार के
(d) निहित मौखिक संचार के

**2.** किसी भी प्रकार के संप्रेषण में निम्नलिखित सम्मिलित हैं-
1. एक प्रेषणकर्ता 2. एक संदेश
3. एक वाक्य 4. एक प्राप्तकर्ता
निम्नलिखित में से सही कोड चुनिये-
(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

**3.** एक वार्तालाप के दौरान, जिसमें दो व्यक्ति शामिल हैं, एक व्यक्ति अपना चश्मा उतारकर रख देता है। इसका तात्पर्य है कि वह -
(a) दूसरे व्यक्ति से नाराज है
(b) दूसरे व्यक्ति से असहमत है।
(c) दूसरे व्यक्ति से सहमत है।
(d) उसे कम दिखाई दे रहा है।

**4.** संप्रेषण से संबंधित निम्न कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?
(a) यह किसी संगठन के जीवन का प्राणाधार है।
(b) यह संगठन को बाँधने वाली शक्ति है।
(c) यह प्रकृति से सदा औपचारिक होता है।
(d) इसकी तकनीकी में बहुत से परिवर्तन हुए हैं।

**5.** संप्रेषण प्रभावी होने के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है।
(a) इसको सूक्ष्म होना चाहिये।
(b) उसको यथेष्ट होना चाहिये।
(c) उसकी पंक्तियाँ लंबी होनी चाहिये।
(d) उसे समयोचितता से संबद्ध होना चाहिये।

**6.** औपचारिक संचार साधारणत: प्रवाहित होता है-
(a) छ: दिशाओं में (b) चार दिशाओं में
(c) तीन दिशाओं में (d) नौ दिशाओं में

**7.** संप्रेषण के संबंध में निम्नलिखित में से किसे दृष्टिकोणात्मक अवरोध में शामिल नहीं किया जाता है?
(a) संचार पर अविश्वास (b) चयनित बोध
(c) मार्गस्थ हानि (d) ध्यान न देना

**8.** सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें। नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिये।


| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. साइबर नेटिक्स | 1. ग्रेपवाइन |
| B. भाषा | 2. एंट्रोपी |
| C. अनौपचारिक | 3. बैरियर |
| D. व्यवस्था | 4. फीडबैक |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**9.** एक कक्षा में पवन के अंक कपिल से अधिक हैं तथा रोहित के अंक सबसे अधिक हैं। सविता के अंक तनुज से अधिक तथा तनुज के अंक पवन से अधिक हैं। इनमें से किसके अंक सबसे कम हैं?
(a) पवन (b) कपिल
(c) सविता (d) तनुज

**10.** किसी सांकेतिक भाषा में SURGEON को QLHDURV लिखा जाता है तथा CORNER को OHKULF लिखा जाता है। इस सांकेतिक भाषा में SHADOW को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) DRTERS
(b) TRADEV
(c) UQBCFU
(d) TFBCPX

**11.**



उपर्युक्त चित्र में वृत्त A मजदूरों को निरूपित करता है, वृत्त B बेरोजगार लोगों को निरूपित करता है, वृत्त C सभ्य लोगों को निरूपित करता है और वृत्त D शिक्षित लोगों को निरूपित करता है। कौन-सा क्षेत्र ऐसे व्यक्तियों को निरूपित करता है जो बेरोजगार, शिक्षित और सभ्य हैं, किंतु मज़दूर नहीं हैं?
(a) 5 (b) 13
(c) 11 (d) इनमें से कोई नहीं

# MPPCS
# प्रैक्टिस पेपर 5

***निर्देश (प्र.सं. 1–7):*** *निम्नलिखित परिच्छेदों को पढ़िये और उसके अंत में दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये। इन प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिये।*

**परिच्छेद–1**

1947 में अंग्रेज़ों द्वारा भारत छोड़ने के बाद भारतीय स्थापत्य रसातल में चला गया था। भारतीय वास्तुकार, जो ब्रिटिश राज में ब्रिटिश वास्तुकारों के सहायक के रूप में देश से बाहर भेजे गए थे, उन्हें अपना कौशल दिखाने में कुछ वक्त ज़रूर लगा। संभवत: पहचान का संकट रहा होगा या फिर यह संशय विगत समय की उपलब्धियों का आनंद लेते हुए जिया जाए या फिर नए विचारों, छवियों और तकनीकों के साथ आगे बढ़ा जाए, जबकि आज़ादी के बाद के काल में कला, संगीत और संस्कृति जैसे अन्य क्षेत्रों में भारत की छवि काफी अच्छी थी, लेकिन स्थापत्य के क्षेत्र में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। इसमें कोई संशय नहीं है कि स्वतंत्रता के समय व्यापक क्षमता विद्यमान होने के बावजूद भारतीय वास्तुकार परिवर्तनोन्मुखी स्थापत्य को प्राप्त करने में असफल रहे।

आज़ादी के बाद के काल में स्थापत्य में दो विचारधाराओं का उदय हुआ- पुनरुत्थानवादी और आधुनिकतावादी। पुनरुत्थानवादी, जो 'प्राचीनता के साथ चलने' की वकालत करते थे, वे औपनिवेशिक मानसिकता की बेड़ियों को नहीं तोड़ पाए और नव-भारतीय स्थापत्य पर भी उन्होंने कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं छोड़ा। आधुनिकतावादी भी यूरोपीय और अमेरिकी प्रारूपों पर अत्यधिक निर्भर थे और देश की क्षेत्रीय आकांक्षाओं, विविधताओं और आवश्यकताओं पर ध्यान दिये बिना भारत में भी उन्हीं मॉडलों को अपनाने का प्रयास कर रहे थे। समकालीन भारतीय स्थापत्य भी जनसंख्या विस्फोट, आयोजकों में दूरदर्शिता की कमी, सरकारी सहायता के अभाव और स्थापत्य शिक्षा के मानकों के संतोषजनक न होने जैसी समस्याओं से ग्रसित था। परिणामस्वरूप स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक वर्षों के दौरान विदेशी वास्तुकार, भारतीय स्थापत्य में अग्रणी भूमिका निभाते रहे।

**1.** स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय स्थापत्य दयनीय स्थिति में क्यों था?
   - (a) भारतीय वास्तुकार अपना कौशल दिखाने की स्थिति में नहीं थे।
   - (b) भारतीय वास्तुकार विगत समय की विरासत को नए परिवर्तनों के अनुरूप रूपांतरित नहीं कर सके।
   - (c) भारतीय वास्तुकार पुनरुत्थानवाद और आधुनिकतावाद के वाद-विवाद में उलझ गए।
   - (d) भारतीय वास्तुकारों को न तो सरकार से कोई भी समर्थन प्राप्त होता था या फिर उनके पास उपयुक्त शिक्षा नहीं थी।

**2.** स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् के शुरुआती वर्षों में भारतीय स्थापत्य के समक्ष कौन-सी समस्याएँ विद्यमान नहीं है?
   - (a) पहचान का संकट
   - (b) निर्देशन का अभाव
   - (c) विदेशी वस्तुकार
   - (d) अच्छी स्थापत्य शिक्षा

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा पुनरुत्थानवाद तथा आधुनिकतावाद के बीच अंतर करने वाला कारक हो सकता है?
   - (a) पुनरुत्थानवादी अपने औपनिवेशिक अतीत के साथ व्यस्त थे, जबकि आधुनिकतावादी यूरोपीय और अमेरिकी संस्कृति से प्रभावित थे।
   - (b) पुनरुत्थानवादियों ने नवीन-भारतीय स्थापत्य को अस्वीकृत कर दिया, जबकि आधुनिकतावादियों ने यूरोपीय और अमेरिकी संस्कृति को स्वीकार कर लिया।
   - (c) पुनरुत्थानवादियों को अतीत की समृद्ध विरासत से बाहर आना बहुत मुश्किल लग रहा था, जबकि आधुनिकतावादी यूरोपीय और अमेरिकी संस्कृति से प्रभावित थे।
   - (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**4.** ब्रिटिश शासन के उपरांत भारत में कला, संगीत और संस्कृति की स्थिति के संबंध में तार्किक ढंग से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?
   1. ये श्रेणियाँ विशिष्ट भारतीय पहचान को बनाए हुए हैं।
   2. भारतीय स्थापत्य की तरह इन श्रेणियों में इस तरह की कोई भी दुविधा नहीं है।

   नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर का चयन करें:
   - (a) केवल 1
   - (b) केवल 2
   - (c) 1 और 2 दोनों
   - (d) न तो 1 न ही 2

# MPPCS प्रैक्टिस पेपर 6

*निर्देश (प्र.सं. 1–4): निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन दिया गया है उसके नीचे दो तर्क I तथा II दिये गए हैं। आपको दिये गए तर्कों पर विचार करके तय करना है कि कौन-सा/से तर्क प्रभावशाली है/हैं? दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिये।*

(a) तर्क I प्रभावशाली है।
(b) तर्क II प्रभावशाली है।
(c) तर्क I और II प्रभावशाली हैं।
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है।

**1. कथन:** क्या भारतीय बाज़ारों में चीनी उत्पादों पर रोक लगा देनी चाहिये।

**तर्क:**

**I.** हाँ, इससे घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिलेगा।
**II.** नहीं, चीनी उत्पाद देशी उत्पादों की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध हो जाते हैं।

**2. कथन:** क्या विद्यालय में धार्मिक शिक्षा देनी चाहिये।

**तर्क:**

**I.** हाँ, इससे बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होगा।
**II.** नहीं, इससे बच्चों में धार्मिक कट्टरता की भावना बढ़ेगी।

**3. कथन:** क्या सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली उर्वरक सब्सिडी को समाप्त कर देना चाहिये।

**तर्क:**

**I.** हाँ, इससे सरकारी व्यय पर अनावश्यक बोझ बढ़ता है।
**II.** नहीं, अभी भारतीय किसान इतने आत्मनिर्भर नहीं हुए कि बिना सब्सिडी के खेती कर पाएंगे।

**4. कथन:** क्या सभी परीक्षाओं में प्रवेश के लिये आधार कार्ड को अनिवार्य कर देना चाहिये।

**तर्क:**

**I.** हाँ, इससे परीक्षाओं में होने वाले भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।
**II.** नहीं, कुछ परीक्षार्थी जिनके पास आधार कार्ड नहीं है, वे परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे।

*निर्देश (प्र.सं. 5–8): निम्नलिखित परिच्छेदों को पढ़िये और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये। आपके उत्तर पूर्णतया इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिये।*

**परिच्छेद–1**

काल्पनिक विज्ञान की ठीक-ठीक परिभाषा दिये बिना ही हम इस बात को रेखांकित कर सकते हैं कि एक काल्पनिक विज्ञान संबंधी कथानक में कम-से-कम एक वैज्ञानिक घटक शामिल होता है, जैसे कि विचार, सिद्धांत, आविष्कार, विरोधाभास; जो कथित रूप से उस कथानक में अंतर्निहित भी होता है। वस्तुत: काल्पनिक विज्ञान के समर्थक तो यहाँ तक कहते हैं कि काल्पनिक विज्ञान से संबंधित कथानक की व्याख्या केवल वैज्ञानिक घटक, जिससे कथानक की उत्पत्ति हुई हो, जो इसे मौलिकता प्रदान करे और इसके विश्लेषण में सहायक हो, के साथ संबंध के आधार पर ही की जा सकती है।

**5.** परिच्छेद के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे 'काल्पनिक विज्ञान' माना जा सकता है?

(a) बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित एक फिल्म।
(b) एलियंस पर लिखी गई पुस्तक।
(c) अन्य ग्रहों पर जीवन की संभावनाओं के संबंध में चर्चा पर आधारित एक उपन्यास।
(d) (a), (b), और (c) सभी सही हैं।

**6.** इस परिच्छेद का लेखक सर्वाधिक प्रतीत होता है:

(a) वैज्ञानिक
(b) तकनीशियन
(c) काल्पनिक फिल्म निर्माता
(d) शोधार्थी

**परिच्छेद–2**

जब मैं 'विज्ञान' शब्द का प्रयोग करता हूँ तो मैं उसमें सभी तरह के विज्ञानों को शामिल करता हूँ; जिसमें नाभिकीय भौतिकी के साथ-साथ भाषा-विज्ञान अथवा नृविज्ञान, संज्ञानात्मक विज्ञान तथा मानव विज्ञान, गणितीय विज्ञान अथवा सौंदर्यात्मक सिद्धांत शामिल हैं। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को न्यायोचित ठहराने अथवा समझने के लिये तर्क-वितर्क और नियमों का संग्रह तो होना ही चाहिये। कल्पना का प्रयोग हम एक दृश्य, एक छवि निर्माता तथा परिस्थितियों के एक स्रोत के रूप में कर सकते हैं। काल्पनिक विज्ञान तथा अन्य के बीच किसे सीमा रेखा माना जाए? इसे सुनिश्चित कर पाना कभी-कभी बहुत मुश्किल हो जाता है।

**7.** परिच्छेद के अनुसार, 'काल्पनिक' शब्द को किस तरह परिभाषित किया जा सकता है?

(a) काल्पनिक, वास्तविक नहीं होना चाहिये, लेकिन यह वास्तविक की तरह लगना चाहिये।
(b) हो सकता है कि काल्पनिक, वास्तविक न भी हो, लेकिन इसमें वास्तविक के समान लक्षण अवश्य ही होने चाहिये।
(c) काल्पनिक में वैज्ञानिक लक्षण होने चाहिये।
(d) काल्पनिक द्वारा स्वाभाविक वास्तविकता को दर्शाना चाहिये।

MPPCS

# प्रैक्टिस पेपर 7

**1.** यदि किसी कूटित भाषा में ADVANCE का कोड DCYZQBH है तो उसी भाषा में COMPETITION का कोड होगा-
(a) FNPOHSLLSNQ
(b) FNPOHSLSLNQ
(c) FNQPHSLSNQR
(d) FNPPNHLSLNQ

**2.** चंपक एक वृत्ताकार पार्क के ठीक केंद्र में खड़ा है, वह दक्षिण दिशा की ओर चलकर पार्क के चारों ओर बने फुटपाथ पर पहुँच जाता है। वह दाईं ओर मुड़कर तब तक चलता है, जब तक उसका मुख उत्तर-पूर्व दिशा में न हो जाए। बताइये वह प्रारंभिक बिंदु से किस दिशा में है?
(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पूर्व
(c) उत्तर-पश्चिम (d) पश्चिम

**3.** यदि शब्द PUBLICATION के अक्षरों को इस क्रम में पुन: जमाया जाए, जिस क्रम में वे अंग्रेजी वर्णमाला में आते हैं तो इस पुनर्व्यवस्था के पश्चात् कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

***निर्देश (प्र.सं. 4–6):*** *एक परिवार में 7 सदस्य A, B, C, D, E, F तथा G हैं, जिसमें से दो जोड़े शादीशुदा हैं।*

- D, E का पिता है।
- C, G की पुत्रवधु है।
- B का पिता E का भाई है।
- G, F की दादी है।

**4.** A का G से क्या संबंध है?
(a) भाई (b) पुत्री
(c) पुत्र (d) बहन

**5.** परिवार में कुल कितनी महिला सदस्य हैं?
(a) 3
(b) 4
(c) 5
(d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**6.** B का D से क्या संबंध है?
(a) पुत्र (b) पौत्र-पौत्री
(c) भाई (d) पुत्रवधु

**7.** यदि + का तात्पर्य –, – का तात्पर्य ×, × का तात्पर्य ÷ तथा ÷ का तात्पर्य + हो तो $12 - 3 + 45 \times 5 \div 5 = ?$
(a) 25 (b) 38 (c) 32 (d) 23

**8.** निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर क्या आएगा?
0, 1, 1, 2, 3, 5, ?, 13, 21, 34
(a) 7 (b) 9 (c) 11 (d) 8


**9.** यदि कंप्यूटर को कीबोर्ड कहा जाए, कीबोर्ड को प्रिंटर कहा जाए, प्रिंटर को माऊस कहा जाए, माऊस को यूपीएस कहा जाए तथा यूपीएस को फाइल कहा जाए तो बताओ प्रिंट किससे प्राप्त होगा?
(a) माऊस (b) यूपीएस
(c) प्रिंटर (d) कीबोर्ड

**10.** दिये गए शब्दों का सही क्रम क्या होगा?
(i) कार्यभार (ii) वेतन
(iii) अधिसूचना (iv) चयन
(v) परीक्षा (vi) नियुक्ति
(a) (iii) (v) (iv) (i) (vi) (ii)
(b) (iii) (v) (iv) (vi) (i) (ii)
(c) (iii) (v) (vi) (iv) (i) (ii)
(d) (iii) (vi) (iv) (i) (v) (ii)

**11.** यदि 35 @ 3 = 24 तथा 23 @ 11 = 55 तो 17 @ ? = 72 में ? का मान क्या होगा?
(a) 9 (b) 8 (c) 12 (d) 36

**12.** एक दिन-रात में कुल कितनी बार एक घड़ी की दोनों सूइयाँ एक-दूसरे के ठीक विपरीत होंगी?
(a) 24 बार (b) 21 बार
(c) 23 बार (d) 22 बार

**13.** चित्र में (4 × 4) का एक घन का भाग दिया गया है, जो छोटे छोटे घनों से मिलकर बना है। बताइये कुल कितने घन हैं?



(a) 28 (b) 25
(c) 29 (d) 32

# MPPCS
# प्रैक्टिस पेपर 8

***निर्देश (प्र.सं. 1–11):*** *निम्नलिखित परिच्छेदों को पढ़िये और उनके अंत में दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिये।*

**परिच्छेद-1**

आप शुद्ध हृदय से इस बात पर विचार करें कि माता, मातृभूमि और मातृभाषा का आप पर भी ऋण है। एक जननी आपको जन्म देती है, एक की गोद में खेल-कूद कर और खा-पीकर आप पुष्ट होते हैं और एक आपको अपने भावों को प्रकट करने की शक्ति दे, आपके सांसारिक जीवन को सुखमय बनाती है, जिसका आप पर इतना उपकार है, इसके लिये कुछ करना क्या आपका परम कर्तव्य नहीं है?

**1.** उपर्युक्त परिच्छेद का उचित शीर्षक है:
(a) माता (b) मातृऋण
(c) सुखमय जीवन (d) कर्तव्य

**2.** उपर्युक्त परिच्छेद में जिनका ऋण बताया गया है, उन्हें एक शब्द में लिखिये-
(a) समाज (b) मातृ
(c) राष्ट्र (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** उपर्युक्त परिच्छेद में 'शुद्ध हृदय से इस बात पर विचार करें' में 'शुद्ध' क्या है?
(a) सर्वनाम (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) संज्ञा

**4.** उपर्युक्त परिच्छेद में किस जीवन को सुखमय बनाने का उल्लेख हुआ है?
(a) आर्थिक (b) सामाजिक
(c) सांसारिक (d) व्यक्तिगत

**5.** उपर्युक्त परिच्छेद में भाव प्रकटीकरण की शक्ति किसके द्वारा प्राप्त होती है?
(a) समाज (b) पिता
(c) मातृभाषा (d) जननी

**6.** उपर्युक्त परिच्छेद के अनुसार खेल-कूदकर और खा-पीकर किसकी गोद में पुष्ट होते हैं?
(a) जननी (b) पत्नी
(c) दादी (d) मातृभूमि

**परिच्छेद-2**

इंसान को अधिकतर नासमझ रायों से बचने के लिये बहुत अलौकिक मस्तिष्क की आवश्यकता नहीं है। कुछ सरल नियम आपको गलतियों से तो नहीं बल्कि कुछ मूर्खतापूर्ण गलतियों से दूर रखेंगे। अगर कोई मामला जो अवलोकन से सही किया जा सकता है तो वह अवलोकन स्वयं बनाओ। अरस्तू इस गलत विचारधारा कि, "औरतों के पास आदमी से कम दाँत होते हैं।" से बच सकते थे। यदि अपनी पत्नी से मुँह खोलने के लिये कहते और गिन लेते। हम सभी की आदत यह सोचना है कि आप जानते हो कि 'आप कोई बड़ी गलती नहीं कर सकते हो।' मुझे बताया गया है कि हाथी काली भौंरे खाती है। इसलिये मुझे पता है। लेकिन मैं हाथी की आदतों पर किताब लिख रही हूँ। मैं यह बात तब तक नहीं लिखूँगी जब तक उसे इस आहार को खाते हुए न देख लूँ, तब अरस्तू कैसे कम सतर्क थे? प्राचीन और मध्यकालीन लेखक यूनिकार्न और सालामेंडर के बारे में सब कुछ जानते थे, लेकिन उनमें से किसी एक ने नहीं सोचा कि कट्टर बयानों से बचना जरूरी है, क्योंकि उनमें से किसी ने कभी उनमें से कुछ नहीं देखा था।

**7.** लेखक ने इंसान को किस तरह वर्णित किया है?
(a) अलौकिक (b) प्राचीन
(c) बुद्धिमान (d) अतार्किक

**8.** लेखक संकेत करता है कि-
(a) उसने कभी हाथी को भौंरे खाते नहीं देखा है।
(b) हाथी केवल काली भौंरे खाता है।
(c) वे कभी काली भौंरे नहीं खाता है।
(d) वह 'हाथी' पर एक किताब लिख रही है।

**9.** लेखक किस आधार पर निष्कर्ष निकालने के पक्ष में है?
(a) तार्किक (b) अवलोकन
(c) वाद-विवाद (d) परामर्श

**10.** परिच्छेद की शैली कैसी है?
(a) सांस्कृतिक
(b) दार्शनिक
(c) आलोचनात्मक
(d) वैज्ञानिक


**11.** लेखक के अनुसार, 'यूनिकार्न और सालामेंडर' क्या है?
(a) ये भूतकाल में थे ही नहीं।
(b) लेखकों के अद्भुत कहानियाँ लिखने के कारण।
(c) ये अस्तित्व में नहीं है।
(d) ये अदृश्य है।

# MPPCS प्रैक्टिस पेपर 9

**1.** एक संख्या $x$ को 21 बार जोड़ने पर वह संख्या प्राप्त होती है, जो 27 को 7 बार जोड़ने पर प्राप्त होगी। तब $x$ का मान क्या होगा?
(a) 6 (b) 12
(c) 9 (d) 3

**2.** निम्न श्रेणी का अगला पद क्या होगा?
AFC, GLI, MRO, ... ?
(a) SWT (b) SXU
(c) SUX (d) SVX

**3.** दिये गए चित्र में कुल कितने त्रिभुज हैं?




(a) 18 (b) 14
(c) 20 (d) 22 या अधिक

**4.** एक विशेष नियम के आधार पर बताइये कि प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 11 | 8 |
| 34 | 79 | 44 |
| 6 | 9 | ? |

(a) 12 (b) 4
(c) 10 (d) 8

**5.** चित्र में एक पासे की दो स्थितियों को दिखाया गया है। बताइये पासे पर 2 के विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 5 (b) 1
(c) 4 (d) 3

**6.** यदि STAR का कोड 9218 तथा CHIEF का कोड 37945 हो तो TRAFFIC का कोड क्या होगा?
(a) 2715593 (b) 2735597
(c) 2851193 (d) 2815593

**7.** उज्जवल अपने घर से पूर्व दिशा की ओर 160 मीटर चलता है। फिर वह दो बार बाएँ घूमकर 100–100 मीटर चलता है फिर वह वामावर्त्त दिशा में $90^o$ घूमकर 20 मीटर चलता है। बताइये वह अपने घर से कितनी दूर है?
(a) 100 मीटर (b) 60 मीटर
(c) $\sqrt{120}$ मीटर (d) 120 मीटर

**8.** यदि $7@2 = 39$ तथा $6@4 = 28$ हो तो $8@1$ का मान क्या होगा?
(a) 26 (b) 57
(c) 54 (d) 27

**9.** एक लड़की की ओर इशारा करते हुए प्रमोद ने कहा कि इसकी माँ मेरे पिता के पिता की इकलौती पुत्री है। प्रमोद की माँ का लड़की से क्या रिश्ता है?
(a) चाची (b) बहन
(c) मामी (d) माँ

***निर्देश (प्र.सं. 10–11):*** *नीचे दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*

एक समूह में 5 व्यक्ति A, B, C, D तथा E बैठे हुए हैं, जिनमें से 2 व्यक्ति विवाहित हैं। सबसे लंबे दो व्यक्ति इंदौर के हैं। E भोपाल का है तथा विवाहित नहीं है, 2 व्यक्ति जबलपुर के हैं। D, C से छोटा है। B, A से छोटा, परंतु E से बड़ा है। A सबसे बड़ा नहीं है। C तथा B अविवाहित हैं।

**10.** जबलपुर का सबसे लंबा व्यक्ति कौन है?
(a) A (b) B
(c) D (d) C

**11.** लंबाई में सबसे छोटा विवाहित व्यक्ति कौन है?
(a) B (b) E
(c) A (d) D


**12.** विषम पद का पता लगाइये–
(a) G112P (b) K132L
(c) I135O (d) Q130J

**13.** किसी स्कूल में एक निश्चित कक्षा में एक दिन आधे ही विद्यार्थी उपस्थित हुए। कक्षा से प्रत्येक एक घंटे बाद दो-तिहाई विद्यार्थी बाहर चले जाते हैं। यदि 5वें घंटे में केवल 1 विद्यार्थी शेष बचा हो तो बताइये कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं।
(a) 162 (b) 81
(c) 243 (d) 486

**14.** रमेश एक पंक्ति में खड़ा है। उसके आगे खड़े व्यक्तियों की संख्या उसके पीछे खड़े व्यक्तियों की संख्या की दुगुनी है। यदि उसके आगे का एक व्यक्ति उसके पीछे जाकर खड़ा हो जाता है तो पंक्ति में रमेश का स्थान ठीक बीच में हो जाता है। बताइये पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति खड़े हैं?
(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) 11

# MPPCS
# प्रैक्टिस पेपर 10

**1.** निम्नलिखित चित्र में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?




(a) 65 (b) 77
(c) 69 (d) 82

**2.** $(8)^{0.75} \times (4096)^{0.25} + (64)^{-1} = (8)^{x}$ में $x$ का मान ज्ञात कीजिये।

(a) 2.50 (b) 3.75
(c) 2.75 (d) 3.50


**3.** आठ व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, V तथा W एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुँह किए हुए बैठे हैं। P, T के दाएँ से चौथे स्थान पर है। W, S के बाएँ से चौथे स्थान पर है। R तथा U जो कि किसी भी छोर पर नहीं हैं, क्रमश: Q तथा T के पड़ोसी हैं। W, P के बाएँ से पहले स्थान पर है तथा P, Q का पड़ोसी नहीं है तो बताइये निम्न में से कौन-सा जोड़ा छोरों के सदस्यों को दर्शाता है?

(a) VT (b) SV
(c) TS (d) PT

**4.** चार मित्र निखिल, अरविंद, भूषण तथा नगेंद्र एक-एक करके बल्लेबाजी करने जाते हैं। निखिल न तो सबसे पहले जाता है, न ही सबसे बाद में, भूषण प्रारंभ से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने जाता है तो बताइये सबसे अंत में कौन बल्लेबाजी के लिये जाता है?

(a) अरविंद
(b) नगेंद्र
(c) भूषण
(d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**5.** नीचे दिये गए वेन आरेख का अध्ययन कीजिये तथा निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिये।




केवल हॉकी तथा टेनिस खेलने वालों की संख्या केवल टेनिस या केवल क्रिकेट खेलने वाले की संख्या में कितना अंतर है।

(a) 17 (b) 18
(c) 9 (d) 34

**6.** 5 सदस्य वाले परिवार की औसत आयु 23.6 वर्ष है। 3 वर्ष बाद परिवार में जुड़वाँ बच्चों का जन्म हुआ। 5 वर्ष बाद परिवार की औसत आयु कितनी होगी?

(a) 23.4 वर्ष (b) 28.6 वर्ष
(c) 23 वर्ष (d) 21 वर्ष

**7.** 25 विद्यार्थियों की एक कक्षा की औसत आयु 13 वर्ष है। यदि अध्यापक की आयु भी शामिल कर ली जाए तो औसत आयु 1 वर्ष बढ़ जाती है। अध्यापक की आयु क्या है?

(a) 39 वर्ष (b) 40 वर्ष
(c) 38 वर्ष (d) 43 वर्ष

***निर्देश (प्र.सं. 8–10):*** *दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*

एक गली में 1 से 10 क्रमांक के घर हैं। सभी सम क्रमांक वाले घरों का मुख दक्षिण की ओर तथा सभी विषम क्रमांक वाले घरों का मुख उत्तर की ओर है। 1 क्रमांक वाले घर के सामने एक पूर्ण वर्ग संख्या वाले क्रमांक का घर है, जिसकी दाईं ओर 6 क्रमांक वाला घर है। क्रमांक 10 वाले घर के सामने भी पूर्ण वर्ग संख्या वाले क्रमांक का घर है तथा यह किसी भी कोने पर नहीं है। 3 तथा 8 एक ओर के कोनों पर आमने-सामने हैं। 6 क्रमांक वाला घर, 2 क्रमांक वाले घर के दाईं ओर दूसरा है, जिसके सामने 5 क्रमांक वाला घर है। 9 क्रमांक वाला घर अपनी पंक्ति में बाईं ओर से दूसरा है।

**8.** तो बताइये 6 क्रमांक वाले घर के सामने कौन-से क्रमांक वाला घर है?

(a) 5 (b) 9
(c) 7 (d) 3

**9.** निम्न में से कौन भिन्न है?

(a) 2 (b) 5
(c) 8 (d) 1

**10.** निम्न में से कौन-सा जोड़ा भिन्न है?

(a) 2-5 (b) 1-4
(c) 3-8 (d) 7-10

**11.** दो संख्याओं का अनुपात 4 : 5 है। यदि दोनों संख्याओं में 20 जोड़ दिया जाए तो यह अनुपात 6 : 7 हो जाता है। बड़ी संख्या का 20% है:

(a) 10 (b) 8
(c) 12 (d) 5

# डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी, फ्लोचार्ट तथा मानचित्र का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- क्विक रिवीजन हेतु प्रत्येक अध्याय में महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।

**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS

YouTube Drishti IAS

drishtiias

drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 011-47532596, +91-8130392354, 813039235456**